हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 जुलाई 2024

06 नवमी पर कन्या पूजन के बाद भोजन करवाया...



07 देवी अहिल्याबाई होलकर ने समाज को ...





## खबर संक्षेप

### व्याख्याता बनने तीन शिक्षकों ने दी सहमति

**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा रविवार से शुरू की गई उच्च पद प्रभार की कार्रवाई के तहत उच्च श्रेणी शिक्षक से लेक्चरर बनने के लिए काउंसलिंग आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुई काउंसलिंग में 9 उच्च श्रेणी शिक्षक व हेड मास्टरों को बुलाया गया था, लेकिन काउंसलिंग में तीन ने सहमति प्रस्तुत कर दी। जबकि 5 उच्च श्रेणी शिक्षक व हेड मास्टर ऐसे थे, जिन्होंने असहमति जताई है। काउंसलिंग में एक उच्च श्रेणी शिक्षक की काउंसलिंग आगामी दिनों में होगी। राज्य स्तर पर आयोजित हुई यह काउंसलिंग सुबह 10:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की गई जिसमें सिर्फ 3 शिक्षक - व्याख्याता का प्रभाव लेने में सफल दिखाई दिए।

### स्व-रोजगार योजना के लिए करें आवेदन

**सीहोर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सीहोर द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्व-रोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। संत रविदास स्वरोजगार योजना जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित के कार्यपालन अधिकारी ने बताया है कि हितग्राहियों को बैंक के माध्यम से लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आवेदक न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्र आवेदन दिनांक को 18 से 45 वर्ष मध्य हो। आवेदक को उद्योग इकाई एवं सेवा, खुदरा व्यवसाय का स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

### मूंग उपार्जन नीति में आंशिक संशोधन

**सीहोर।** भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन नीति जारी की गई है, जिसके बिंदु क्रमांक 19.2(1) में मूंग फसल उपार्जन के लिए उत्पादकता का निर्धारण किया गया है। इस बिंदु में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधन पश्चात ग्रीष्मकालीन मूंग फसल की उत्पादकता को अधिकतम 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक सीमित करते हुए विगत वर्षों के मूंग उपार्जन संबंधी जिलों की औसत उत्पादकता में जिन जिलों की मूंग की उत्पादकता 12 क्विंटल से अधिक है वहां मूंग का उपार्जन 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक मानते हुए करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

### दो वर्षों से चल रहा था प्रेम प्रसंग, लड़की के घर वाले थे नाखुश, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

# भैरूंदा में वारदात : युवक पहुंचा प्रेमिका के घर, चलाई गोली, बेटी की मौत, मां घायल

पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए बनाई तीन टीमें, रातभर करती रही आरोपी की तलाश, लेकिन अब तक नहीं मिला कोई सुराख।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के भैरूंदा में एक सनसनीखेज वारदात हो गई। इसमें एक युवक फिल्मी स्टाइल में अपनी प्रेमिका के घर पहुंचा और दनादन तीन फायर कर दिए। इसमें युवती को दो गोली लगने से उसकी मौत हो गई, वहीं बीच-बचाव करने आई मां को भी एक गोली लगी, जिसमें वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को सिविल अस्पताल भैरूंदा में भर्ती कराया गया।

इधर घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी दीपक कपूर, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि घटना के बाद से आरोपी युवक फरार है। पुलिस ने घटना में जांच शुरू करते हुए आरोपी की तलाशी के लिए तीन टीमें बनाई है। सभी टीमें रातभर से आरोपी की तलाशी में जुटी हुई है। घटना रविवार को करीब साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है। सोमवार को समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी।

जानकारी के अनुसार भैरूंदा के नारायण सिटी में शिक्षक इंदर सिंह कीर अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी दो बेटी एवं एक बेटा है। बताया जा रहा है कि उनकी बेटी आरती एवं रेहटी तहसील के ग्राम मट्ठागांव निवासी प्रभु दायमा का पिछले दो वर्षों






प्रभु दायमा, आरोपी युवक

से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस प्रेम प्रसंग से आरती के परिजन खुश नहीं थे। आरती के पिताजी इंदर सिंह कीर ने इस संबंध में थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। फिलहाल मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बाद रविवार को करीब साढ़े आठ बजे प्रभु दायमा नारायण नगर भैरूंदा स्थित आरती के घर पहुंचा और तमंचे से दनादन तीन फायर कर दिए। इसमें दो गोलियां आरती को लगी, जबकि एक गोली आरती की मां को लग गई। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी आ गए, लेकिन जब तक आरोपी प्रभु दायमा मौके से फरार हो गया।



घटना के बाद घायल मां-बेटी को भैरूंदा स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर आरती ने मृत घोषित कर दिया गया और उसकी मां ललिता कीर को भरती किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी प्रभु दायमा और आरती आपस में रिश्तेदार भी हैं।

### पिता ने की थी पहले भी शिकायत

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओपी दीपक कपूर ने बताया कि भैरूंदा के नारायण नगर निवासी इंदर सिंह कीर की पत्नी और बेटी पर प्रभु दायमा ने फायर किए हैं। इंदर सिंह कीर की बेटी आरती उम्र 20 वर्ष का प्रभु दायमा से पिछले दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसको लेकर इंदर सिंह कीर द्वारा शिकायत भी दर्ज कराई गई थी।इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही भी की थी और इस मामले में कोर्ट में चालान भी पेश किया था। अब आरोपी युवक की तलाश के लिए पुलिस ने तीन टीमें बनाकर रवाना कर दी है एवं मामले की जांच की जा रही है।

### यहां दी पुलिस ने दबिश, नहीं मिला आरोपी

घटना के बाद फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें लगातार सर्चिंग कर रही है। पुलिस ने आरोपी के गांव मट्ठागांव में उसके घर सहित पथोड़ा, दिमाबर, आवलीघाट, बाबरी, तिलाडिया, होरियापीपर सहित आरोपी के रिश्तेदारों के यहां भी सर्चिंग किया है। पुलिस ने एक टीम नर्मदापुरम के होरियापिपर के लिए भी रवाना की है। समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर था।

### हॉस्पिटल के पोस्टमार्टम रूम में कर्मचारी ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**सीहोर।** जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में सोमवार की सुबह एक कर्मचारी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। कर्मचारी पीएम रूम में शवों का पोस्टमार्टम करता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के पीएम रूम के दरवाजे सुबह बन्द दिखने पर अस्पताल के अन्य कर्मचारी वहां पहुंचे और खिड़की से झांककर देखा तो उन्हें कर्मचारी कपिल फांसी के फंदे पर झूलता नजर आया।

कर्मचारियों ने इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी। सूचना मिलने पर पहुंची थाना कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक पीएम रूम में ही पदस्थ था तथा शवों का पोस्टमार्टम करता था। आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात बना हुआ है। कोतवाली थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर नवतेस सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## रोजगार मेले का आयोजन 24 जुलाई तक 16 जुलाई को इछावर जपं परिसर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के सभी जनपदों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेज (एसआईएस) अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी के 350 पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इछावर जनपद पंचायत परिसर में 16 जुलाई को, आष्टा जनपद पंचायत परिसर में 17 एवं 18 जुलाई को, सीहोर जनपद पंचायत परिसर में 21 एवं 22 जुलाई को, बुधनी जनपद पंचायत परिसर में 23 एवं 24 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में वह आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10 वी पास/फेल से स्नातक तक, आयु 19 वर्ष से 36 वर्ष तक, उचाई 167.5 से.मी. से 170 से.मी. तक, सीना 77 से 82 से.मी. एवं वजन 56 से 90 किलो ग्राम हो वह इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

आवेदक को योग्यता अनुसार रूपये 14000 से 35000 तक वेतनमान दिया जावेगा। नियुक्ति होने पर आवेदक को स्थायी नौकरी, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्निति, बोनस, पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फंड, ई.एस.आई.सी. दुर्घटना बीमा, सेवा प्रावधान, लोन सुविधा, मैस व आवास सुविधाएँ प्रदान की जायेगी। भर्ती के समय आवेदक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड छाया प्रति एवं दो फोटो के साथ अपना आवेदन जमा कर सकता है।

# स्वर्ग और नर्क इसी संसार में है, जिस घर में शांति हो वही स्वर्ग : कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** एक बार भगवान शिव से माता पार्वती ने प्रश्न किया की स्वर्ण और नर्क कहा है तो भगवान शिव ने कहा कि संसार में ही स्वर्ग और नर्क है। हम जिस वातावरण में रहते हैं, वही उसी तरह का माहौल व्याप्त हो जाता है। जिस घर में शांति रहती है, त्याग रहता है एक दूसरे के लिए समर्पण रहता है, वहा स्वर्ग है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर के भव्य परिसर में जारी आठ दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। सोमवार को विठलेश सेवा समिति की ओर से व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने यहां पर आने वाले एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी और पेयजल का इंतजाम किया। उन्होंने कहा कि धर्मशास्त्रों में वर्णित स्वर्ग-नरक सभी को रोमांचित करते हैं, पर आज तक किसी ने देखा नहीं। चाहे ये अन्यत्र भले न हों, पर इस धरती पर अवश्य हैं।

दुनिया का हर व्यक्ति इसका अनुभव करता है, पर समझता नहीं। यहीं स्वर्ग जैसे सुख हैं और नर्क जैसे दुख भी। जिस समाज और घर में शांति, सद्भाव और भाईचारा हैं वहीं स्वर्ग है, क्योंकि वहां सुख-समृद्धि है। इसके विपरीत जहां इनका अभाव है वहीं नर्क है, क्योंकि वहां हिंसा, घृणा, द्वेष और अशांति के सिवा कुछ नहीं होता। स्वर्ग और नरक की परिभाषा भी यही है। यह पूर्णतः मनुष्य पर निर्भर है कि वह किसकी स्थापना करना चाहता है।

**संत और गुरु का जीवन जन कल्याण के लिए होता** : पंडित मिश्रा ने कहाकि संत और गुरु का जीवन जन कल्याण के लिए होता है। अपने जीवन में ऐसा गुरु रखो जिससे ज्ञान हासिल कर सको, जिससे जीवन में कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि जीवन में जब भी दुख आता है हम भगवान को कोसते हैं, लेकिन दुख हमारे जीवन को निखारने के लिए ही आता है। अगर माता पिता का मार्गदर्शन हमारे जीवन मे है तो आप उलझ नही सकते अगर उलझ भी गए तो उनके आशीर्वाद से सुलझ जाएंगे। हर मनुष्य के जीवन में चार गुरु होते है। जिसमें माता, पिता, शिक्षक और सद्गुरु शामिल है। शास्त्र कहते हैं कि गुरु वह है, जो हमें अंधेरे से उजाले की ओर ले जाए। जो हमें रोशनी प्रदान करे, तो सबसे पहले ऐसा कौन करता है, सबसे पहले यह रोशनी हमें मां दिखाती है। उसके बाद पिता। वहीं हमारे प्रथम गुरु हैं। इसीलिए शास्त्रों में यह भी लिखा है कि माता-पिता का यथायोग्य सम्मान करना चाहिए। जरा सोचो कि अगर हमें हमारे माता-पिता द्वारा कुछ भी सिखाया न जाता तो हमारी क्या स्थिति होती। क्या हम ढंग से चल पाते, बात कर पाते, लिख पाते, व्यवसाय कर पाते। यहां तक कि हम अपने जीवन और इस शरीर की रक्षा कैसे करना है, यह भी नहीं जान पाते। मान-अपमान, प्यार और अहंकार जैसी मूल वृत्तियों को पहचानना भी हमें वही सिखाते हैं। संसार सागर में सबसे बड़ा गुरु भगवान शिव है, उसके विश्वास और आस्था बनाए।

### कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं सहायक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

जिले के ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम में विठ्लेश सेवा समिति द्वारा 14 जुलाई से 21 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो तथा अन्य व्यवस्थों के लिए स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी द्वारा कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं सहायक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार एसडीएम तन्मय वर्मा सम्पूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी होगें। एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले की कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत एवं तहसीलदार नीलम परसेंडिया की कथा स्थल पर ड्यूटी लगाई गई है। डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह एवं तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले की भोजन व्यवस्था में ड्यूटी लगाई गई है। इसी श्रृंखला में नायब तहसीलदार धनजी मालवीय एवं तहसीलदार अर्पित मेहता की मंदिर परिसर पर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में ड्यूटी लगाई गई है। तहसीलदार भरत नायक की कार्यक्रम स्थल पर एवं नायब तहसीलदार श्री सिद्धांत सिंघला एवं नायब तहसीलदार मुकेश सांवले की मार्ग व्यवस्था के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

### वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी

# जिस क्षेत्र में बना रहा टाइगर रिजर्व, उसी क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से बाघ की मौत, दो शावक हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले से खबर आई है। यहां एक तरफ सरकार ने हाल ही में रातापानी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी को नया टाइगर रिजर्व बनाने की बात कही है, तो वहीं दूसरी ओर उसी इलाके में एक टाइगर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, वहीं दो छोटे शवक घायल हो गए। उपचार के लिए भोपाल से वन विभाग ने एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम को बुलाया है। जानकारी के अनुसार जिले के बुधनी इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मौत हो गई। वहीं दो छोटे शावक घायल हैं। यह घटना मिडघाट की पहाड़ी के पास स्थित नाले की है। जहां सोमवार को टाइगर का शव पड़ा मिला था। घटना की सूचना पर वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। हालांकि यह हादसा किस ट्रेन से हुआ है, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। वन विभाग की टीम इस पूरे मामले की जांच में जुटी है। डीएफओ एमएस डाबर ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दो छोटे शावक घायल हैं।



**वन विभाग में मचा हड़कंप** : बाघ की मौत की सूचना मिलते ही वन विभाग में हडक्रंप मच गया। विभाग की टीम, डॉक्टर, रेस्क्यू और रेंजर आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। टीम ने बाघ का शव लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया, जबकि, डॉक्टरों ने घायल टाइगरों का इलाज शुरू कर दिया। यह क्षेत्र रातापानी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में आता है। यहां के जंगली जानवर लगातार रेल हादसों का शिकार बन रहे हैं।

**रातापानी में 3000 से ज्यादा वन प्राणी** : प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व रातापानी होगा। मोहन सरकार ने रातापानी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी को टाइगर रिजर्व बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जिसको लेकर जल्द ही नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। बता दें कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने रातापानी को टाइगर रिजर्व बनाने के लिए 13 साल पहले यानी साल 2011 में ही सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। बाघ, तेंदुआ समेत 3000 से ज्यादा वन प्राणियों वाला रातापानी वाइल्डलाइफ संेचुरी टाइगर रिजर्व बनाने जा रहा है।

## जिले में अब तक 264.2 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 34.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 82, मिलीमीटर, श्यामपुर में 3, आष्टा में 28, जावर में 35, इछावर में 63, भैरूंदा में 28, बुधनी में 6, रेहटी में 32 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से 13 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 264.2 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 371.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से 15 जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 354.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 322.5, आष्टा में 234, जावर में 201.7, इछावर में 491.5, भैरूंदा में 174.2, बुधनी में 139 तथा रेहटी में 196.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।




### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है।

## खबर संक्षेप




### वृद्धाश्रम परिसर में किया गया पौधरोपण

**सीहोर।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बारियों शिक्षा एवं कल्याण समिति और तारा फाउंडेशन द्वारा सेकड़ा खेड़ी चौराहा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर सर्वप्रथम वहाँ उपस्थित वृद्धजनों को समाज सेविका बुशराजी द्वारा फल वितरित कर सभी वृद्धजनों के हाल जाने एवं सभी ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात वृद्धाश्रम परिसर में आम, सगौन, शीशम, अमरुद, कटहल, अर्जुनी, अंजीर, जामुन, सेब, आँवला सहित कई फूल, फल एवं औषधीय पौधे रोपित किये गये। पौधा रोपण कार्यक्रम में सस्था के सचिव जुनेद अंसारी एवं सस्था की अध्यक्ष अतिया ओसाफ ने (डिसटिक लॉ आफिसर ) विधिक प्राधिकरण के ज़ीशान सर, मनोज दीक्षित का विशेष योगदान रहा।

### उपायुक्त सहकारीता कार्यालय में पौधरोपण



**सीहोर।** पर्यावरण संरक्षण के उद्येश्य से मां के सम्मान में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत आज उपायुक्त सहकारिता कार्यालय परिसर में कलेक्टर प्रवीण सिंह, सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी तथा सहकारिता उपायुक्त सुधीर कैथवास सहित अन्य अधिकरी, कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह कहा कि पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण प्रारंभ कि गया है। इस अभियान के तहत पूरे जिले में निरन्तर पौधरोपण किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे भी अपनी माँ एवं अन्य बुर्जगों की याद में पौधरोपण करें और अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं उनके संरक्षण के लिए अन्य लोगों को प्रेरित करें।

नवरात्रि पर यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा विशेष अनुष्ठान किया गया था

# नवमी पर कन्या पूजन के बाद भोजन करवाया, नवरात्रि की पूर्णाहुति की

कन्या-पूजन कर उन्हें भोजन करवाकर उपहार भेंट कर अनुष्ठान किया। महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी शहर के विश्रामघाट के समीपस्थ प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र के अंतिम दिवस भड़ली नवमी पर यहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा अनुष्ठान किया गया। इस दौरान कन्या पूजन करने के साथ ही खीर-पुडी आदि पकवानों का भोग लगाकर मातारानी की पूजा-अर्चना की गई। कन्या-पूजन कर उन्हें भोजन करवाकर उपहार भेंट कर अनुष्ठान किया। महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद प्राप्त किया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, राहुल सिंह, मनोज दीक्षित मामा, सुनील चौकसे, सुभाष कुशवाहा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, पप्पू सेन सहित अन्य ने यहां गुप्त नवरात्रि के नौवें दिन सोमवार को अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल सहित अन्य ने महाआरती की।

सोमवार को नवमी पर मां सिद्धी दात्री की पूजा अर्चना के लिए मंदिर परिसर में दिनभर माता के दर्शनों कर पूजा-अर्चना की गई। गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन सुबह सामूहिक रूप से पूर्णाहुति दी। इस मौके पर पंडित शर्मा ने बताया कि भड़ली नवमी आषाढ़ माह की नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इस तिथि पर देवी दुर्गा के जगदंबा स्वरूप की पूजा करने का विधान है। इसके साथ ही देवी की पूजा दश महाविद्याओं के रूप में भी की जाती है, चूंकि यह नवरात्रि का आखिरी दिन है, इसलिए इस दिन कन्या भोजन का भी आयोजन किया जाता है।

### शिव ने मां सिद्धिदात्री की कठोर तपस्या कर आठों सिद्धियों को प्राप्त किया था

पंडित शर्मा ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की कठोर तपस्या कर आठों सिद्धियों को प्राप्त किया था।

मां सिद्धिदात्री की अनुकंपा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी हो गया था और वह अर्धनारीश्वर कहलाएं, मां दुर्गा के नौ रूपों में यह रूप अत्यंत ही शक्तिशाली रूप है। कहा जाता है कि, मां दुर्गा का यह रूप सभी देवी-देवताओं के तेज से प्रकट हुआ है। कथा में वर्णन है कि जब दैत्य महिषासुर के अत्याचारों से परेशान होकर सभी देवतागण भगवान शिव और भगवान विष्णु के पास पहुंचे। तब वहां मौजूद सभी देवतागण से एक तेज उत्पन्न हुआ और उसी तेज से एक दिव्य शक्ति का निर्माण हुआ, जिसे मां सिद्धिदात्री कहा जाता है।

### नौ दिन तक की मां के विभिन्न स्वरूपों की आराधना

मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाडा ने बताया कि मरीह माता मंदिर पर हर नवरात्रि पर भव्य आयोजन किया जाता है। नौ दिवसीय गुप्त नवरात्रि पर यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा विशेष अनुष्ठान किया गया था, महाष्टमी और नवमीं पर दो दिन कन्या भोज का आयोजन किया गया। वहीं सप्तशती पाठ के पश्चात पुर्णाहुति दी गई।

## छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक को भेजा जेल पहले भी दर्ज हो चुके हैं मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

पढ़ाने के नाम पर शिक्षक ने 10 साल की मासूम बच्चियों के साथ लगातार छेड़छाड़ की। शिक्षक की करतूतों से परेशान होकर बच्चियों ने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी।

इसके बाद परिजन ने इसकी शिकायत पुलिस को करते हुए कहा कि स्कूल में बैठे ऐसे हैवान के खिलाफ तत्काल सख्त से सख्त कार्रवाई करे, जिससे कोई भी मासूम उसका शिकार न बन सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए भैरूंदा पुलिस ने तत्काल आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को 10 साल उम्र की 2 व पूर्व में अन्य छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के मामले में एक शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे विशेष न्यायालय की मदद से जेल की सलाखों के पीछे भेजा है।

## झमाझम बारिश ने बदला मौसम



**भैरूंदा ।** बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को सोमवार दोपहर बाद से राहत मिली। पिछले दिनों से शहर के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग उमस भरी गर्मी का अनुभव कर रहे थे। बारिश के बाद लोगों को राहत मिली।

सोमवार श्याम 4.30बजे से आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया,साथ ही सुबह से धूप देखने को मिल रही थी।उमस भरी गर्मी आमजन के पसीने छुड़ाती रही। सोमवार की श्याम 5 बजे बसे झमाझम बारिश होना शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली-मोहल्लों की सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। बही रात को फिर एक बार बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# लोक सेवा केंद्र में रहा सर्वर डाउन नहीं बन पाए कई प्रमाण पत्र

**भैरूंदा।** तहसील कार्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र में सर्वर डाउन होने की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं। रोजाना सर्वर बंद चालू होने के कारण लोगों आय,जाति, मूलनिवासी के प्रमाण पत्र नहीं बन पाए। जबकि कई विद्यार्थियों के स्कूल में कॉलेजों में प्रवेश के साथ ही अन्य कार्य होना है। सोमवार को सुबह से सर्वर डाउन रहा।दोपहर में सर्वर शुरू हुआ। इसके बाद कई विद्यार्थियों व अन्य लोगों के आवेदन बनाए।जबकि इसके पहले सुबह से सर्वर बंद था।कर्मचारियों ने कार्यालय में आए विद्यार्थी एवं लोगो को सर्वर डाउन होने की सूचना भी दी गई कर्मचारी ने बताया कि सर्वर के कारण परेशानी हो रही है।



लगातार एक सप्ताह से आय, जाति,निवासी सहित अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग आ रहे हैं।सर्वर पर दबाव होने के कारण वह बंद चालू होता है। अन्य लोक सेवा केंद्रों पर भी ऐसी स्थिति बनी हुई हैं।अन्य स्थानों के लोक सेवा केंद्रों पर भी लोगों को परेशानी हो रही है। हर केंद्र पर औसतन 200 से रोजाना आवेदन प्राप्त होते हैं। इन आवेदनों को जल्दी बनाकर देना जरूरी है।

### मध्य प्रदेश कृषि अधिकारी संघ की बैठक सम्पन्न, नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन




सीहोर। रविवार को मध्य प्रदेश कृषि अधिकारी संघ, जिला सीहोर के पधाधिकारी के निर्वाचन हेतु विकास खण्ड सीहोर में बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में उपस्थित सभी कृषि विकास अधिकारियों द्वारा जिला अध्यक्ष पद हेतु लाड़सिंह बकोदिया, जिला सचिव हेतु नवीन सोनी, कोषाध्यक्ष पद हेतु कु. नीलू दोहरे , प्रांतीय प्रतिनिधि राम पाल मीणा, उपाध्यक्ष पवन तिवारी, राकेश धुर्वे, कु.रुचिका यादव, सह सचिव अस्मिता सिंह ठाकुर एवं कु. करिश्मा लोधी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। साथ ही डीबी वर्मा, बीपी राय, संतोष सिंह को संरक्षित सदस्य बनाया गया। इनकी इस नियुक्ति पर सभी नवीन पदाधिकारियों को संघ के सदस्यों ने पुष्पहार पहना कर बधाई एवं शुभमानाऐं दी। बकोदिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका मैं पुरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करूंगा।

## बड़े बकायेदारों को लेकर बिजली विभाग सख्त: कंपनी ने सूची की सार्वजनिक, चौक चौराहों पर लगाया बकायदारों का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली बिलों का लंबे समय से भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के नामों की सूची अब सार्वजनिक स्थानों पर लगाना शुरू कर दिया है. विद्युत विभाग द्वारा यह कार्रवाई शहरी इलाकों में की जा रही है। जिसमें बिजली बिल के हजारों रुपए से लाखों रुपए तक के बकायादारों के नाम अब फ्लेक्स में नजर आ रहे हैं।



भैरूंदा बिजली विभाग ने उन बकायदारों के फ्लैक्स चौराहे पर लगवाए जिन्होंने लम्बे समय से बिजली बिल का भुक्तान नहीं किया।

**नगर के चौराहा पर लगाए फ्लैक्स:** भैरूंदा नगर के बिजली बिल बकायदारों के नाम सोमवार को विद्युत विभाग ने सार्वजनिक कर दिए। विद्युत विभाग ने इन बकायदारों का नाम पता लगवाकर फ्लैक्स नगर चौराहा पर लगा दिए हैं। इसी तरह की करवाही में बकायदारों की सूची बस स्टैंड, ट्रांसफार्मर्स के अलावा ऐसे स्थानों पर लगाई जा रही है जहां आम लोगों की नजर पड़े। बता दें कि विद्युत विभाग ने बिजली बिल वसूलने के लिए ये अनोखा तरीका अपनाया है. विभाग के इस कदम से क्षेत्र के लोगों में खासा नाराजगी है।

# श्यामपुर में बनाया जाएगा बुद्ध बिहार तथागत बुद्ध की मूर्ति की होगी स्थापना

**सीहोर।** रविवार को ग्राम वनखेडा के अंबेडकर भवन में अहिरवार समाज संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिले के साथ ही संभाग और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल रहे। मीडिया प्रभारी कपिल सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समाज से जुडे कई विषयों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्यामपुर बस स्टैण्ड क्षेत्र में बुद्ध बिहार बनाया जाएगा, जिसमें तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बहुजन महापुरुषों की विचारधारा से जोडने आगामी दिनों में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान से समाजजनों को जोडने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में अहिरवार समाज संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सूर्यवंशी, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता गोलिया, संभाग अध्यक्ष माधव डूकसह अहिरवार, समाजसेवी विनोद अहिरवार, भीमआर्मी पदाधिकारी सुनील अहिरवार, कमल परमाल, प्रभुदयाल बौद्ध, संभाग अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, सचिव दिनेश अहिरवार ने शामिल होकर बैठक को



संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि शहरों से लेकर गांव-गांव तक अहिरवार समाज निवास करती है लेकिन आज सबसे ज्यादा अत्याचार की खबरें भी अहिरवार समाज पर देखने और सुनने को मिल रही है ऐसा क्यो हो रहा है। इस पर विचार करने की जरूरत है। हमें एकजुट होकर रहना है। अन्याय का प्रतिकार करना जरूरी है। समाज में कई कुरितियां हैं जिन्हें मिटाने की आवश्यकता है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष करण सिंह अहिरवार ने की और मंच संचालन संभाग सचिव विनोद बडोदिया ने किया। बैठक में मौजूद संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। सभी ने एक राय होकर कहा कि श्यामपुर बस स्टैण्ड क्षेत्र में बुद्ध बिहार बनाया जाएगा, जिसमें तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसके लिए समाजजनों से सहयोग लिया जाएगा। बैठक के उपरांत भवन परिसर में संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर के नाम एक पौधा भी रोपा। बैठक में समाजसेवी मंशाराम अहिरवार, नर्बदाप्रसाद अहिरवार, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश अहिरवार, ब्लाक अध्यक्ष जगदीश अहिरवार, संयोजक राधेश्याम अहिरवार, लक्ष्मीनारायण सांकला, देवीराम अहिरवार, शोभाराम अहिरवार, संरपंच आशीष अहिरवार, सुनील अहिरवार, कमल अहिरवार, गौरेलाल, भोलाराम, सूरज सिंह, किशन डूकसह, मुकेश, दौलत सिंह, विनोद कुमार,जीवन सिंह, अचल डूकसह, मदन अहिरवार, दिनेश अहिरवार, नर्बदा प्रसाद, ज्ञानसिंह अहिरवार, लखनलाल, कांशीराम अहिरवार, कांशीराम सहित बडी संख्या मं लोग उपस्थित रहे।

# हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर मनाई छठी शरीफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर की तर्ज पर हर महीने की इस्लामी तारीख को छटी शरीफ मनाई जा रही है। मोहर्रम के मुबारक मौके पर सर्व धर्म दरगाह कमेटी के तत्वाधान में आयोजित छठी शरीफ में सैकड़ो हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई समाजजनो के द्वारा हिस्सा लिया गया।

हजरत दूल्हा बादशाह दरगाह सर्वधर्म कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान ने बताया कि देश में अनेक स्थानों पर इस्लामिक तारीख पर छठी शरीफ मनाई जाती है। छठी शरीफ का उद्देश्य आप सी मेल जोड़ को बढ़ाना और शांतिभाईचारा कायम रखना है छठी शरीफ के लंगर में एक साथ मिलकर हिंदू मुस्लिम सिख इसाई



सहित अन्य सभी धर्म के लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं जिससे आपसी सबंध मजबूत होते हैं। कमेटी के सचिव समाज सेवी नौशाद खान ने कहा कि मुहर्रम की दसवीं तारिख को पैगंबर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन उस दौर के अतिक्रूर बादशाह यजीद से करबाला की जंग में शहीद हो गए थे। इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद में हजरत गुलाबी शाह दरगाह परिसर में आम का पौधा रोपण भी किया गया है। मोहर्रम के महीने में छठी शरीफ का अलग ही मुकाम है। छठी शरीफ में सभी वर्ग के लोगों ने तन मन धन से सहयोग किया जिसके बाद पूर्ण रूप से शाकाहारी प्रसाद बनाकर उसका वितरण किया गया।


खान ने कहा कि हर महीने की 6 तारीख को छठी शरीफ मनाई जा रही है इस कार्यक्रम में कोई भी अपना सहयोग प्रदान कर सकता है। मौके पर सर्वधर्म दरगाह कमेटी के भंवर लाल, सादिक कुरैशी, आमिर हुसैन, अनवर बाबा खादिम, सोहेल मस्तान, अमान मस्तान, अकरम शाह, मनोज खत्री तमाम लोग मौजूद रहे।

भू-अर्जन और मुआवजा वितरण की कार्रवाई में तेजी लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# दस्तक अभियान के तहत 10000 बच्चों की स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी विभाग की 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की। टीएल बैठक में कलेक्टर शसिंह ने 16 जुलाई से प्रारंभ होने वाले ऑयल बॉल को हथियार बनाकर, मलेरिया डेंगू को भगाएंगे इस बार अभियान के लिए ऑयल बॉल बनाने की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ठहरे हुए पानी में 10 बजे से 11 बजे की बीच ऑयल बॉल डाली जाए और 15 दिन बाद यह प्रक्रिया पुनः दोहराई जाए। डेंगू और मलेरिया के लार्वा नियंत्रण का यह



सबसे कारगर और सस्ता उपाय है, इसके उपयोग के बारे में आम नागरिकों को भी प्रेरित किया जाए।

उन्होंने वन व्यवस्थापन के 74 वनखंडो के विस्थापन की कार्रवाई शीघ्र करने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह नें शासकीय विभागों को भवनों के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए हैं। जिले में भूमि आवंटन के 50 प्रकरणों पर कार्रवाई की जाना है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता एवं पशुओं के टीकाकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 15735 एमटी यूरिया तथा 5350 एमटी डीएपी उपलब्ध है। कलेक्टर श्री सिंह ने नगरीय क्षेत्रों में चलाई जा रही दीनदयाल रसोई का व्यवस्थित ढंग से संचालन करने के सभी सीएमओ को निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सभी जनपदों में भी शिविर लगाने के सीएमएचओ को निर्देश दिए। इसके साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शिविर लगाने के लिए कहा। दस्तक अभियान के तहत कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप बच्चों की स्क्रीनिंग की जाए तथा कुपोषण पाए जाने पर उन्हें एनआरसी में भर्ती किया जाए। दस्तक अभियान के तहत अभी तक 10000 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने दस्तक अभियान के संचालन में सहयोग करने वाले सभी विभागों को समन्वय कर अधिक से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए।

**भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश :** बैठक में कलेक्टर सिंह ने रेल, नेशनल हाईवे एवं सिंचाई परियोजनाओं सहित अन्य शासकीय कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्रवाई तेजी से की जाए ताकि परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। बुधनी इंदौर रेल लाइन के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया प्रचलन में है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन विभागों को शासकीय भूमि आवंटित की गई है उन विभागों के अधिकारी राजस्व रिकार्ड में विभाग के नाम से दर्ज कराएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। सभी जनपदों से जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## आपातकाल को संविधान हत्या दिवस कहना गलत नहीं : रवि नागले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रवि नागले ने स्वागत किया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोट कर 25जून 1975 को लगाऐ गए आपातकाल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान की हत्या दिवस घोषित किया है।

सोमवार को भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर कहा कि आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया था मीडिया की आवाज को दबा दिया गया था भारत सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण करायेगा जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दशाते हुए देश में आपातकाल लगाकर हजारों देशभक्तों को कुचलने का कार्य किया था। भाजपा जिला महामंत्री नागले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही सरकार की असंख्य यातनाओं व उत्पीड़न का सामना किया था।

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह के तहत कार्यक्रम आयोजित

# देवी अहिल्याबाई होलकर ने समाज को कल्याण का मार्ग दिखाया : सुदीप शुक्ला






हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

देवी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज को कल्याण का मार्ग दिखाया। उन्होंने हिंदू समाज के मान बिंदुओं की रक्षा करने के लिए अपना जीवन जिया। देवी अहिल्याबाई का जीवन भगवान शिव की भक्ति में समर्पित रहा और वे वीरता की प्रतिमूर्ति थीं। जिन्होंने प्रजा पालन के लिए जन कल्याणकारी सुशासन दिया। स्वच्छता, सुशासन प्रजा पालन, बेहतर अर्थव्यवस्था उनके शासन में थी। यह बात स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचार विभाग के प्रांतीय मीडिया संवाद आयाम प्रमुख सुदीप शुक्ला ने कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर महंत रघुनाथदास महाराज, आयोजन समिति के अध्यक्ष बीरम सिंह चैहान, डॉ. सरिता शर्मा उपस्थित रहे।

## 'उन्होंने महानता के मूल्य चुकाए'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शुक्ला ने कहा कि महानता का मूल्य बड़ा होता है और देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन काल में ऐसे कई मूल्य चुकाए। युद्ध में उनके पति खंडेराव का निधन होने के बाद उन्होंने 19 वर्ष की आयु में ही बड़े ही साहस के साथ लोक कल्याण की भावना रखते हुए राज्य का संचालन किया। उनका धर्म और संस्कृति से अत्यधिक जुड़ाव रहा है। वे वास्तव में ईश्वरीय प्रेरणा से भारत में जन्मी थी और उन्होंने अपना जीवन भी ईश्वरीय प्रेरणा से ही जिया। उन्होंने सोमनाथ मंदिर की पहली ईट लगाई। काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया। भारत के कई नगरों में मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। बावड़ियों का निर्माण किया, जो धर्म एवं समाज सेवा की पराकाष्ठा है। फिर भी इतिहास में उन्हें उचित स्थान नहीं मिलना एक प्रश्न है।

प्रजा के पालन में किया जीवन समर्पित-

उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई स्वदेशी की समर्थक रही हैं और उन्होंने अपने राज्य कार्य में भी स्थानीय कौशल को महत्व दिया। साथ ही देश के जिन-जिन हिस्सों में उन्होंने मंदिरों का निर्माण कराया, वहां भी निर्माण शैली में स्थानीय कला को उचित स्थान दिया। उनके राज्य कार्य में सेवा के कार्य अनुकरणीय रहे हैं। पेयजल एवं अन्य व्यवस्था वे प्राथमिकता के साथ प्रजा के लिए करती थी। साथ ही उनके राज्य में स्वच्छता एवं सुंदरता को महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता था। इसीलिए उन्हें लोकमाता और देवी की उपाधि मिली है। वास्तव में वे आसमान में चमकता हुआ सितारा है और अपने पूरा जीव एक सती के रूप में जिया है। हिंदू समाज को पुनः खड़ा करने में उन्होंने प्रेरणा का कार्य किया है। उन्होंने काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, रामेश्वरम, केदारनाथ यात्राओं को बचाने का कार्य भी किया।

## समिति करेगी वर्ष भर आयोजन

देवी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह के तहत यह शुभारंभ कार्यक्रम था। अब देवी अहिल्याबाई होलकर जन्म जयंती समारोह समिति के द्वारा पूरे वर्ष भर जिले भर में विभिन्न प्रकार के आयोजन कार्यक्रम किए जाएंगे। जिनके माध्यम से गांव-गांव, नगर-नगर कार्यक्रमों के माध्यम से देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र को बताया जाएगा। इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्मजयंती समारोह समिति की घोषणा भी की गई। जिसका अध्यक्ष बिरम सिंह चौहान को बनाया गया।

मोबाइलों का लॉक तोड़ने वालों पर भी हुई कार्रवाई

# बाइक अड़ाकर मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

9 मोबाइल आरोपियों के पास से बरामद किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पचोर सहित विभिन्न क्षेत्रों में बाइक अड़ाकर लूट की घटनाएं कारित करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से लूटे गए 9 मोबाइल भी आरोपियों के पास से बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले में आठ आरोपी बनाए हैं, जिनमें बगैर बिल देखे मोबाइलों का लॉक तोड़ने वाले दुकानदार भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने रविवार दोपहर कट्रोंल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर से पर्दा उठाया। इस दौरान कालीपीठ एवं ब्यावरा देहात थानान्तर्गत हुई चोरियों का भी खुलासा किया गया।

## मोबाइलों के लॉक खोलने वाले सहित 8 को बनाया आरोपी

9 जुलाई को पचोर के पशु बाजार में ग्राम आंवली, कुरावर निवासी रघुनंदन उमठ का मोबाइल बाइक सवार तीन युवकों ने लूट लिया था। विवेचना में सामने आया कि पूर्व में भी इसी तरह की घटनाएं हुई हैं। इसके बाद एसपी ने एक टीम गठित की। इस टीम ने एक दिन एक संदेही बाइक चालक को रोका। पूछताछ में उसने बताया कि उसने और उसके दोस्त अमित ने मेला ग्राउण्ड पर मोबाइल लूटे थे। वहीं, जो मोबाइल मैं चला रहा हूं, वह भी लूट का ही है।

पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं बाद में अलग-अलग स्थानों से लूटे गए मोबाइलों व लॉक तोड़ने वाले इस तरह कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें दो नाबालिग आरोपी समेत अमित उर्फ चोरी लोधा, सूरज जोशी, रोहित शाक्यवार, दिलीप प्रजापति, नईम प्रजापति, पवन राजपूत एवं रामदयाल शामिल हैं। दिलीप, नईम, पवन एवं रामदयाल वे दुकानदार हैं जो बगैर बिल देखे ही इन आरोपियों से सांठगांठ कर मोबाइलों के लॉक खोला करते थे।


# राज्यमंत्री टेटवाल ने किया प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पीजी कॉलेज के एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में उन्नयन होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ाने एवं योग्यतानुसार मुकान हासिल करने के नए-नए अवसर प्राप्त होंगे। यहां से शिक्षा प्राप्त कर अनेकों हीरे बाहर निकलेंगे जो अपनी चमक से देख का नाम रोशन करेंगे। उक्त बात रविवार दोपहर स्थानीय पीजी कॉलेज के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उन्नयन होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कही। राजगढ़ सहित प्रदेश के 55 कॉलेजों का उन्नयन एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में हुआ है। अब यहां 5 नए संकायों में पाठ्यक्रम आरंभ होगा। वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के माध्यम से विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय ज्ञान एवं तकनीक से अवगत होने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद नागर कहा कि भारतीय ज्ञान पद्धति की एक समृद्धषाली परंपरा रही है। हमें अपने भारतीय ज्ञान को ही आधार बनाकर पूरी दुनिया के सामने उदाहरण पेष करना होगा।

**पांच नए संकायो को पढ़ाने 39 नए पद सृजितः** कार्यक्रम को प्राचार्य एमएल गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में संगीत, संस्कृत, बायो टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर सांइस विषयों का पाठ्यक्रम आरंभ होगा जिसके लिए शासन ने 39 नए पदों का सृजन भी किया है।



# विधायक ने किया जिले के प्रथम आईएसओ थाने का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

राजगढ़ जिले में प्रथम के पुलिस विभाग के कुरावर थाने को स्वच्छता सुव्यवस्थित रखरखाव पीड़ितों के उचित बैठने की व्यवस्था को लेकर भोपाल के आईएसओ विभाग ने जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी मेहताब सिंह को आईएसओ का प्रमाण पत्र भेंट किया था। विधायक मोहन शर्मा भी थाने का भ्रमण करने पहुंचे। जहां उन्होंने निरीक्षण कर पाया कि राजगढ़ जिले में कुरावर थाने को सभी सुव्यवस्थित मानको के आधार पर प्रथम बार यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है या हमारे नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। इस मौके पर थाना प्रभारी मेहताब सिंह सहित पुलिस स्टाफ एवंउ नके साथ इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम गर्ग, विजय शर्मा, विनोद शर्मा, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, रोहित शर्मा, ठाकुर प्रसाद उर्फ कल्लू मीना आदि उपस्थित थे।

# अवैध रूप से मुरम खोदने और परिवहन करने पर जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अवैध रूप से खनिज संपदा का दोहन किया जा रहा है। अवैध तरीके से मुरम बजरी रेत का व्यापार खूब फल फूल रहा है। समय-समय पर स्थानीय प्रशासन एवं खनिज विभाग के द्वारा इक्का दुक्का कार्रवाई भी की जाती है। लेकिन इनके हौसले अभी बुलंद है लगातार अवैध मुरम का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए नायब तहसीलदार की टीम शनिवार शाम को मौके पर पहुंची और अवैध मुरम खुदाई करते हुए जेसीबी एवं एक ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर थाने को सुपुर्द किया।

जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम तलेनी स्थित मुख्य मार्ग से लगे गड्ढे से अवैध मुरम खोदी जा रही थी सूचना उपरांत थाने से पुलिस बल लेकर सुरेश सिंह नायब तहसीलदार गोपाल चैहान नायब तहसीलदार आशीष पांडे पटवारी ग्राम तलेनी स्थित मौके पर पहुंचे तो पाया कि एक जेसीबी क्रमांक- एमपी 42 बीए 0562 एवं एक ट्रैक्टर ट्रॉली महिंद्रा 475 बिना नंबर प्लेट के मुरम खनन का कार्य कर रहे थे। जेसीबी ड्राइवर ईश्वर पिता मानसिंह निवासी खेड़ीखाल जिला शाजापुर एवं ट्रैक्टर ड्राइवर भगवान सिंह पिता देवनारायण निवासी एहसानपुरा जिला राजगढ़ से उक्त खनन के संबंध में दस्तावेज मांगे गए तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारे पास अभी कोई दस्तावेज नहीं है।

# विद्यार्थी परिषद सदैव ही सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाता है : राज्यमंत्री

एबीवीपी ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सारंगपुर नगर इकाई द्वारा रविवार को स्थानीय गोपाल कृष्णा सिनेमाप्लेक्स में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल, विशिष्ट अतिथि राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अ.भा.वि.प. प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव रहे।

कार्यक्रम में सारंगपुर तहसील के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही खो-खो क्लब सारंगपुर के राष्ट्रीय खिलाड़ी व सामाजिक संगठन वीर शिवाजी संगठन के कार्यकर्ताओ को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं और विद्यार्थी परिषद सदैव ही सामाजिक कार्यों में भी अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संदीप वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद कैंपस परिसरों के अलावा भी सामाजिक क्षेत्र में अपनी रचनात्मक गतिविधियों के साथ कार्य करती है विद्यार्थी परिषद ने अपने स्थापना काल से ही अपने रचनात्मक कार्यक्रमों से समाज में परिवर्तन लाने के लिए प्रयास किया है अभाविप व्यक्ति निर्माण की पाठशाला है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजगढ़ जिले के जिलाधीश हर्ष दीक्षित द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मेधावी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थी परिषद के माध्यम से पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में काम करने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न महाविद्यालय विद्यालय के प्राचार्य एसडीएम तहसीलदार जनपद सीईओ के साथ विद्यार्थी परिषद के सभी दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन आवेदनों की समीक्षा हर शनिवार को होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन की ए ग्रेड सूची में शामिल होने वाले विभागों को साप्ताहिक समीक्षा बैठक से मुक्त रखा जाएगा।

कलेक्टर के द्वारा विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अवकाश दिवस शनिवार को स्वयं विभागवार समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने समस्त एसडीएमओ को भी निर्देशित किया है कि अनुविभाग स्तरीय बैठकों में विभागों के लंबित आवेदनों की अधिकतम जानकारियां प्राप्त करें और उनके द्वारा निराकरण किया जा सके इसके लिए स्थानीय स्तर पर विशेष पहल करें। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि आज की स्थिति में विदिशा जिला प्रदेश में 9वें स्थान पर है। जो विभाग बी, सी तथा डी ग्रेड सूची में शामिल है उन विभागों के अधिकारियों को विशेष पहल करनी होगी। ताकि जिला प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में अव्वल हो सके। उन्होंने बताया कि अभी तक ए-ग्रेड सूची में 25 विभाग शामिल हैं जबकि बी-ग्रेड में 11 तथा शेष अन्य विभाग सी और डी-ग्रेड सूची में शामिल हैं। जून माह की शत-प्रतिशत शिकायतों का निदान संतुष्टि से कराया जाना है।

भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी बैठक आयोजित

# कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नगरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य करना चाहता हूं : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



नगर में रविवार को दोपहर 3 बजे अग्रवाल मांगलिक भवन में भाजपा मंडल कुरावर की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। जिसमें विधायक मोहन शर्मा ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं से भाजपा संगठन के आगामी गतिविधियों की चर्चा की। शक्ति व ग्राम केंद्र प्रभारी भी नियुक्त किए गए। उन्होंने कहा कि सभी भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नरसिंहगढ़ क्षेत्र में नगरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य करना चाहता हूं। वहीं उन्होंने कहा कि हम अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधा रोपण करें। साथ ही उनको पौधारोपण करके ना भूले उनके संरक्षण का भी संकल्प लें उन्हें अपने परिवार के बच्चों की तरह परवरिश भी दें साथी उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पालक संयोजकों से कहां की वहां भी अपने ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की मेड़ो पर अपनी मां के नाम एक छायादार वृक्ष लगाए। बैठक को नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के मंडल प्रभारी दिनेश दांगी, भाजपा नेता कैलाश राज, मनोहर मंडलोई, कैलाश मंडलोई वकील, मोहन पटेल,लक्ष्मी नारायण पटेल, विनोद शर्मा, कैलाश सागवालिया, आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पर गांव वालों ने गोशाला की मनमानी का कमेंट लिखा

# गेट पर ग्रामीण करते रहे इंतजार, नहीं खुला गोशाला का ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सीएम डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के बजट में गोशालाओं को उन्नत बनाने एवं प्रति गाय के लिए राशि बढ़ाने के साथ ही गायों के संरक्षण संवर्धन के लिए सभी गोशालाओं को निर्देश दिए की स्वच्छंद रूप से विचरण गायों को गोशाला में रखने के निर्देश जारी किए हैं। सारंगपुर विधायक मध्य प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल ने गायों को लेकर बयान दिया था कि गाय हमारी सनातन संस्कृति की धरोहर हैं।

इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। गाय सड़क पर नहीं देखनी चाहिए। गाय गोशाला में ही रखें शासन के इस आदेश की जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीणों द्वारा अपनी निजी गाय तो अपने-अपने घर में बांधी और स्वच्छंद रूप से विचरित रही गायों को छोड़ने के लिए गोशाला पहुंचे लेकिन गोशाला संचालकों की हटधर्मिता और मनमानी इस कदर बड़ी की उन्होंने मध्यप्रदेश शासन के आदेश को नहीं माना और गाय रखने से मना कर दिया।

**गौशाला का मामलाः** सारंगपुर तहसील में ग्राम पंचायत बलोडी की सीमा में संचालित कपिलेश्वर गोशाला जो वर्तमान में सारंगपुर क्षेत्र में हो गई है। लेकिन गोशाला के वर्तमान संचालकों की मनमानी कहे या मजबूरी शनिवार शाम को बालोडी गांव के शिवराज सोलंकी जयपाल सोलंकी कृष्ण पाल सोलंकी भगवान सिंह सोलंकी राजेंद्र सिंह श्याम सिंह कुशवाहा देवेंद्र सिंह भूपेंद्र सोलंकी शुभम सोनगरा सहित अन्य लोग देर रात तक गोशाला के सामने स्वच्छंद रूप से घूम रही गायों को लेकर 2 घंटे तक गो शाला के सामने मशक्कत करते रहे। लेकिन किसी ने भी गाय रखने की हिम्मत नहीं जुटाई। ग्रामीणों के अनुसार गोशाला संचालक ने अपने कर्मचारियों से कहा कि ताला लगा दीजिए। किसी गाय को अंदर मत करें और गोशाला संचालक अपने घर चले गए। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को दी।

**सोशल मीडिया पर चल रहे कमेंटः** कपिलेश्वर गोशाला संचालकों की मनमानी एवं शासन के आदेश की धज्जियां उड़ने जैसी बातें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। अब देखना है कि कपिलेश्वर गोशाला में गाय रखने की कितनी क्षमता है वह वर्तमान में कितनी जगह है उसकी जांच होती है या नहीं। वहीं गोशाला के अध्यक्ष का कहना हे की 200 गाय रखने की क्षमता है इससे अधिक गाय नही रख सकते हैं।

## जांच के निर्देश जारी किए

कपिलेश्वर गोशाला की जांच के निर्देश जारी किए हैं।

**हर्ष दीक्षित**, कलेक्टर राजगढ़

